# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 21.07.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी।
- द्वीपसमूह के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थान में ''डायरिया रोको'' अभियान चलाया जा रहा है ।
- आज गुरू पूर्णिमा है।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने स्वराज द्वीप के नज़दीक निकोलसन द्वीप में फंसे तीन मछुआरों को बचाया।
- एम.वी. स्वराज द्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से विशाखापटनम के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर सांख्यिकीय जानकारी और विश्लेषण प्रदान करता है। वित्त मंत्री मंगलवार को लोकसभा में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। सरकार इस सत्र में छह नए विधेयक पेश कर सकती है। इनमें आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, बॉयलर विधेयक, भारतीय वायुयान विधायक,

कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थान में ''डायरिया रोको'' अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग यू.टी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से कल न्यू पहाडगांव के सामुदायिक हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डा. सूजा एंथोनी मुख्य अतिथि थी। उन्होंने ज़मीनी कार्यकर्ताओं से डायरिया की रोकथाम में सहयोग देने और इससे ग्रसित मरीज़ों का जल्द से जल्द उपचार करने को कहा। परिवार कल्याण के उप निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने डायरिया होने पर बच्चों को ओ आर एस और ज़िंक की दवा देने को कहा। अच्छी तरह से हाथ धोने तथा साफ–सफाई बरतने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे डॉ एम. जॉय, डॉ. श्वेता के अलावा पांडी सेल्वी ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

आज गुरू पूर्णिमा है। इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन आध्यात्मिक गुरुओं और आचार्यों को समर्पित होता है। इस दिन, शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनका सम्मान करते हैं। भगवान बुद्ध ने सम्बोधि प्राप्त होने पर बोधगया से सारनाथ की यात्रा की थी और आज ही के दिन अपना पहला धर्मोपदेश दिया था। इसलिए, भगवान बुद्ध के अनुयायियों के लिए भी आज का दिन कृतज्ञता ज्ञापन का होता है। पोर्ट ब्लेयर में चिन्मया मिशन की ओर से आज हवन सत्संग और पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा बाद में भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

बरगद लाईन स्थित सांई मंदिर और सप्लाई लाईन स्थित वैकुंठधाम मंदिर में भी गुरू पूर्णिमा पर पूजा–अर्चना की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। लम्बा लाईन के विवेकानंद केन्द्र विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चिन्मया मिशन के आचार्य शुद्धानंद ने दसवीं और बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन के सर्वश्रेष्ठ गुरू उनके माता–पिता और शिक्षक होते है, जिनका हमें हमेशा सम्मान करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्वामी को स्मृति चिह्न भेंट किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने स्वराज द्वीप के नज़दीक निकोलसन द्वीप में फंसे तीन मछुआरों को बचाया है। कल रात करीब साढ़े दस बजे पुलिस को तटरक्षक मुख्यालय से इन मछुआरों के बारे में सूचना मिली। इसके बाद पुलिस की बचाव दल ने तटरक्षक नियंत्रण कक्ष से मिली सहायता के आधार पर रात में करीब ग्यारह बजे इन तीनो मछुआरों को बचाया। खराब मौसम और अशांत समुद्र के कारण इनकी डिंगी इस द्वीप के किनारे फंस गई थी। बाद में तीनों मछुआरों को स्वराज द्वीप लाकर ज़रूरी चिकित्सीय सहायता पहुंचाई गई। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुलिस बचाव दल के प्रयासों की सराहना करते हुए पुलिस कर्मियों को उचित उपहार देने की घोषणा की।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का समापन हो गया है। इस कार्यशाला में द्वीपों में विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से करीब पचास लोगों ने भाग लिया। समापन अवसर पर

प्रतिभागियों ने अपने विचार भी साझा किए। डीब्रेट के प्रभारी प्राचार्य शंकर राव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों से अपने अपने संस्थानों में इसका अच्छी तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए कदम उठाने को कहा। दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीन रामजस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अजय कुमार अरोड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समापन अवसर पर डीब्रेट की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सराबनी मल्लिक ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में चार वर्षीय समन्वित कार्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की अस्थाई योग्यता सूची कल शाम तीन बजे प्रदर्शित की जाएगी। दावे और आपत्तियां तेईस से पच्चीस जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम योग्याता सूची सत्ताईस जुलाई की शाम तीन बजे प्रदर्शित की जाएगी। बी ए बी.एड अंग्रेजी, हिन्दी और इतिहास के लिए परामर्श एक अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से, बी एस सी बी.एड गणित और कम्पयूटर सांईस के लिए दो अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से परामर्श रखा गया है। तीन अगस्त से कक्षाएं आरंभ होंगी।

उधर, जी. बी. पंत अस्पताल में स्कूल ऑफ नर्सिंग में जी एन एम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परामर्श पांच अगस्त को सुबह दस बजे से स्कूल ऑफ नंर्सिंग परिसर में लिया जाएगा। कक्षाएं बारह अगस्त से आरंभ होंगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून में जुलाई दो हजार पच्चीस में कक्षा आठवीं में छात्र–छात्राओं के प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। परीक्षा एक दिसम्बर को आयोजित कराई जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन प्रपत्र और बुकलेट

आर. आई एम. सी. से प्राप्त किए जा सकते हैं। आर. आई एम सी के वेबसाईट पर जाकर सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार छः सौ रूपए और अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवार पांच सौ पचपन रूपये का भुगतान कर आवेदन प्रपत्र हासिल कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट भेज कर भी आवेदन प्रपत्र मंगाया जा सकता है। सिर्फ आर. आई एम सी द्वारा जारी किए गए आवेदन प्रपत्र ही वैध माने जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार तीस सितम्बर तक संबंधित राज्य सरकारों को आवेदन पत्र भेज सकते है।

<><><><><><><>

नॉर्थ–बे वार्ड नम्बर एक में सी सी रोड का निर्माण किया गया है। फरारगंज पंचायत समिति प्रमुख डी.पद्मावति ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के अलावा ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराज द्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से विशाखापटनम के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल सुबह आठ बजे से शुरू होगा। जहाज कल दिन में दस बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

अंतराष्ट्रीय चेस दिवस के सौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर कल अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से भी मरीना पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद बिष्णु पद रे इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। इसमें करीब एक सौ चेस खिलाड़ियों ने भाग लिया

<><><><><><><>